संख्या 15011/36/2022-जेयूएस(एयू)/ई6889
भारत सरकार
विधि एवं न्याय मंत्रालय,
न्याय विभाग

विषयः न्याय विभाग के संबंध में अप्रैल, 2024 माह का मासिक सार ।

न्याय विभाग की अप्रैल, 2024 माह की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं:

1. India@75: भारतीय संवैधानिक गणतंत्र के 75 वर्ष:

भारतीय गणतंत्र का 75वां वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में, हमारे देश को एकजुट करने वाले साझा मूल्यों का जश्न मनाने के लिए न्याय विभाग द्वारा साल भर चलने वाले अनेक कार्यक्रमों और गतिविधियों की परिकल्पना की गई है। इस श्रृंखला में, न्याय विभाग ने 14 अप्रैल, 2024 को विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम की मेजबानी करके भारतीय संवैधानिक गणराज्य के 75 वर्ष और न्याय प्रणालियों में सुधार में संवैधानिक आदर्शों की भूमिका को चिह्नित करते हुए "भारत@75: अतीत, वर्तमान और भविष्य" मनाया। इस कार्यक्रम में India@75 में न्याय की उभरती रूपरेखा पर प्रमुख शिक्षाविदों को शामिल करते हुए दो पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं, जो इस प्रकार हैं:

- पैनल I: संवैधानिक विचारधारा के माध्यम से न्याय वितरण प्रणाली में सुधार
- पैनल II: "भारत" की लोकतांत्रिक मान्यताओं और सिद्धांतों को आकार देने में डॉ. अम्बेडकर की भूमिका की खोज।

इस अवसर पर राज्य सभा के माननीय उपाध्यक्ष, भारत के विद्वान अटॉर्नी जनरल और दिल्ली उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति सुरेश कैत उपस्थिति थे। इस कार्यक्रम में 7 भिन्न-भिन्न विश्वविद्यालयों के कानून के छात्रों ने व्यापक भागीदारी की।

इसी दिन, राज्य सभा के माननीय उप सभापति ने भारतीय संविधान के जनक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में और भारतीय गणतंत्र में उनके मौलिक योगदान के लिए उनके सम्मान को यादगार बनाने के लिए विभागीय कार्यालय के मध्य लॉन में उनकी प्रतिमा का भी अनावरण किया।

2. **ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना:**

क. **एनजेडीजी**: मार्च 2024 में, कम्प्यूटरीकृत अदालतों से संबंधित 27 लाख से अधिक मामलों और 45 लाख से अधिक आदेशों/निर्णयों के संबंध में जानकारी राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पोर्टल में जोड़ी गई थी।

ख. **ई-सेवा केंद्र:** मार्च 2024 में 98 नए ई-सेवा केंद्र बनाए गए हैं।

ग. **वर्चुअल कोर्ट**: मार्च 2024 में 25 वर्चुअल कोर्टों द्वारा 16,05,545 मामलों को निपटाया गया और 14,47,22 मामलों में 13.58 करोड़ रुपये की वसूली हुई है।

घ. **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग:** मार्च 2024 में, वीसी मोड का उपयोग करके जिला और अधीनस्थ अदालतों ने 2,82,842 मामलों की जबकि उच्च न्यायालयों ने 75,417 अर्थात (कुल 3.58 लाख) मामलों की सुनवाई की।

ड़. **ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप डाउनलोड:** मार्च 2024 में ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप को 5 लाख और व्यक्तियों ने डाउनलोड किया है।

च. **न्यायाधीशों के लिए जस्टिस ऐप डाउनलोड:** मार्च 2024 में JustIS मोबाइल ऐप को 74 व्यक्तियों ने डाउनलोड किया है।

3. **<u>टेली-लॉ: वंचितों तक पहुंचना:</u>**

क. इस माह तक, अप्रैल, 2024 माह के 3,52,254 लाभार्थियों सहित 82,60,936 लाभार्थियों को कानूनी सलाह प्रदान की गई।

ख. इस माह के दौरान, ग्राम स्तरीय उद्यमियों/पैरा-कानूनी स्वयंसेवकों (वीएलईएस/पीएलवी), राज्य समन्वयकों और पैनल वकीलों द्वारा 18 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 63 जिलों में आयोजित 89 जागरूकता सत्रों/शिविरों में 1,886 लोगों ने भाग लिया।

ग. माह के दौरान, 3802 ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) ने 75 प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया, जो 20 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 88 जिलों में आयोजित किए गए थे।

4. **<u>न्याय बंधु (प्रो-बोनो लीगल सर्विसेज) कार्यक्रम:</u>**

माह के दौरान, 77 नए प्रो बोनो अधिवक्ताओं ने न्याय बंधु मोबाइल एप्लिकेशन/वेब पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराया। कुल 10,999 (पुरुष-9217, महिला-1780, ट्रांसजेंडर-02) प्रो बोनो वकीलों को न्याय बंधु पोर्टल के तहत शामिल किया गया है।

5. **<u>कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (एलएलएलएपी):</u>**

क. डिजिटल कानूनी साक्षरता के हिस्से के रूप में, नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू), बेंगलुरु, कर्नाटक ने राष्ट्रीय स्तर के सामाजिक-कानूनी मुद्दों पर 34 रील (सॉर्ट वीडियो) रिकॉर्ड किए और उनको इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब और लिंकेडिन जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित किया। और अप्रैल 2024 में 75,246 दर्शकों तक पहुंच बनाई गई।

ख. सिक्किम राज्य महिला आयोग, गंगटोक, सिक्किम ने 29 अप्रैल 2024 को सिक्किम क्रोनिकल और मेडिको-लीगल विशेषज्ञों की मदद से "सर्वाइकल कैंसर के मेडिको-लीगल पहलुओं को समझना" विषय पर एक वार्ता शो का आयोजन किया और सोशल मीडिया के माध्यम से 35,100 दर्शकों तक पहुंच बनाई।

ग. माह के दौरान, शैडो एडवरटाइजिंग एंड कम्युनिकेशंस प्रा. लिमिटेड, भुवनेश्वर, ओडिशा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से अपना डिजिटल कानूनी साक्षरता अभियान जारी रखा और आदिवासी अधिकार, श्रम अधिकार, पेंशन योजना, समानता का अधिकार, महिला अधिकार और बाल अधिकार मुद्दों को शानिल किया और 13,941 दर्शकों तक पहुंच बनाई।

घ. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने 29 अप्रैल 2024 को अपने ज्ञान दर्शन टीवी चैनल पर संवैधानिक मूल्यों पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया और 220 दर्शकों तक पहुंच बनाई।

ड़. राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र ने 29 अप्रैल 2024 को 289 विधि दूतों के साथ एक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में दिशा योजना के सभी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

च. माह के दौरान, बिहार लोक प्रशासन संस्थान, पटना ने मानव तस्करी, दहेज और घरेलू हिंसा पर एक कानूनी साक्षरता सत्र का आयोजन किया जिसमें बिहार के सीतामढी जिले से 42 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

छ. न्याय ओएलआई परियोजना के तहत डॉ. अंबेडकर गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, पुडुचेरी ने 30 अप्रैल, 2024 को अपने कॉलेज परिसर में 29 न्याय ओएलआई स्वयंसेवकों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया।

ज. मेघालय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एमएसएलएसए), शिलांग बेसलाइन सर्वेक्षण करने की प्रक्रिया में है, जहां 16 अप्रैल, 2024 को पश्चिम गारो हिल्स जिले के सोमनपारा गांव में 1 हेडमैन और 21 प्रतिभागियों का सर्वेक्षण किया गया था।

6. **<u>राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए):</u>**

देश भर में यूटीआरसी की एक समान आवधिकता सुनिश्चित करने के लिए नालसा द्वारा दिनांक 08.04.2024 को वर्ष 2024 के लिए अंडर ट्रायल समीक्षा समितियों (यूटीआरसी) की त्रैमासिक बैठकों के लिए एक रूपरेखा और अनुसूची जारी की गई है, जो जेल कैदियों के मामलों की लगातार समीक्षा सुनिश्चित करेगी जिससे उनकी रिहाई की संभावना बढ़ जाएगी।

*****